सत्यमेव जयते

A. BHATTACHARYYA
Chairman

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
STAFF SELECTION COMMISSION
ब्लाक 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर
लोधी रोड़, नई दिल्ली–110003
Block 12, C.G.O. Complex, Lodhi Road,
New Delhi-110 003
Tel.: Off.: 011-24361359, 24360120
Fax : 011-24360120
E-mail : chairperson.ssc @nic.in

संदेश

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर कर्मचारी चयन आयोग परिवार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिन्दी एकमात्र ऐसी भाषा है जो भारत के सबसे बड़े भू-भाग में बहुत बड़े जन समूह द्वारा बोली, समझी व लिखी जाती है। इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद इसे राजभाषा के पद पर अधिष्ठित करने की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की गई तथा इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए संविधान निर्माताओं ने 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। हमारे विशाल, बहु-आयामी और बहु-भाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में सम्पर्क भाषा के रूप में भी हिन्दी का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि हम अपने कार्यालय में 01 सितम्बर, 2015 से 15 सितम्बर, 2015 तक हिन्दी पखवाड़ा मना रहे हैं। मुझे आशा ही नहीं है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में हिन्दी पखवाड़े में भाग लेकर इसे सार्थक बनायेंगे और भविष्य में भी अपने सरकारी काम-काज में सरल, सहज और सर्वग्राह्य शब्दावली से युक्त सरल हिन्दी का प्रयोग करते हुए अपना अधिकाधिक सरकारी काम-काज राजभाषा हिन्दी में करेंगे।

(अमिताभ भट्टाचार्य)

नई दिल्ली
14 सितम्बर, 2015